दिन– रविवार

दिनांक– 13 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में मॉनसून की पूरी तरह से वापसी हुयी। इस वर्ष सामान्य से बीस प्रतिशत कम औसत वर्षा दर्ज की गयी।

02. कड़ी सुरक्षा के बीच आज भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में दुर्गा प्रतिमाओं का किया जा रहा है विसर्जन।

03. पटना–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आज से बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहाराव शुरू।

04. और, बधिर श्रेणियों के खिलाड़ियों के लिए आज से टी–ट्वेंटी राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता पटना में शुरु। उन्नीस राज्यों की टीमें हो रही हैं शामिल।

———————————————————————————

पूरे प्रदेश से दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की वापसी हो गयी है। मॉनसून के मौजूदा वर्ष में राज्यभर में सात सौ अंठानवे मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी, जो सामान्य से बीस प्रतिशत कम है। राज्य में मॉनसून के दौरान औसत बारिश का आंकड़ा नौ सौ बानवे मिलीमीटर है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉनसून की वापसी का सिलसिला ग्यारह अक्टूबर को शुरू हुआ था और अब पूरी तरह इसकी वापसी हो गयी। इस वर्ष मॉनसून का आगमन बीस जून को हुआ था। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक राज्य में बारिश की संभावना नहीं है।

———बाईट———

इधर, पछुआ हवा के प्रभाव से तापमान में धीरे– धीरे कमी दर्ज की जा रही है। इससे ठंड का एहसास होने लगा है।

———————————————————————————

प्रदेश में आज दूसरे दिन भी विभिन्न हिस्सों में गाजे–बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। कड़ी सुरक्षा के बीच मूर्ति विसर्जन किया जा रहा है। पटना, गया, मुंगेर और भागलपुर सहित विभिन्न शहरों में सार्वजनिक पूजा समितियों द्वारा विसर्जन के दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इधर, मूर्तियों

के विसर्जन के लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, एनजीटी ने दिशा निर्देश जारी किये हैं। एनजीटी के निर्णय के अनुसार नदियों में मूर्तियों के विसर्जन पर प्रतिबंध है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिलों में प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के घाटों के समांतर कृत्रिम तालाब तैयार किये गये हैं।

---

हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि मूर्ति विसर्जन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजात किये गये हैं। साथ ही गंगा नदी के किनारे जिला प्रशासन औऱ नगर निगम की ओर से कृत्रिम कुंड बनाये गये हैं।

———बाईट———

गया शहर में विशेष सुरक्षा बंदोबस्त में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हो रहा है। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए छह सौ से अधिक स्थानों पर दंडाधिकारियों की तैनाती की गयी है।

———बाइट———

गया शहर में दुख हरणी मंदिर के पास पांच लाइसेंसी दुर्गा पूजा समितियों की प्रतिमाओं का सबसे पहले कड़ी सुरक्षा में विसर्जन कराया गया। इस दौरान ज़िला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन और वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। गया शहर के उत्तरी क्षेत्र के दुख हरणी मंदिर, तुतबाड़ी, नई गोदाम, गोल पत्थर और झीलगंज में स्थापित लाइसेंसी प्रतिमाओं का विशेष निगरानी में अंग्रेजों के समय से विसर्जन होता आ रहा है। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए गोकर्ण में विशेष तालाब बनाया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

वहीं, मुंगेर जिले में शादीपुर स्थित प्रसिद्ध बड़ी दुर्गा महारानी पूजा समिति की प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद शहर के अन्य पूजा समितियों द्वारा आज भी विसर्जन का कार्य हो रहा है।

———बाइट———

भव्य जुलूस और गाजे बाजे के साथ आज मुंगेर की बड़ी दुर्गा महारानी की मूर्तियों का विसर्जन किया गया । इस अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग विसर्जन जुलूस में शामिल हुए। गंगा नदी के अलावा अन्य पोखरों और तालाबों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी शांतिपूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। खड़गपुर, तारापुर, संग्रामपुर में भी शांतिपूर्वक विसर्जन का कार्यक्रम हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इधर, भागलपुर में बड़ी संख्या में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा आज संगीत की धुन और वाद्य यंत्रों की थाप पर विसर्जन का सिलसिला जारी है।

———बाइट———

भागलपुर में शांतिपूर्ण विसर्जन जुलूस के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। गंगा नदी के किनारे बने कृत्रिम तालाबों पर जिला प्रशासन द्वारा विसर्जन की व्यवस्था की गयी है। शोभा यात्रा में लोग दुर्गा माता के जयकारे लगाते हुए विभिन्न घाटों की ओर जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में शोभा यात्रा में आम लोगों के अलावा कई गणमान्य भी शामिल हो रहे हैं। स्थानीय

विधायक अजीत कुमार शर्मा, स्टेशन चौक पूजा समिति के अध्यक्ष अभय कुमार घोष के अलावा कई गणमान्य लोग शामिल हुए। जिले के अन्य हिस्सों पीरपैंती, कहलगांव, सबौर, सुल्तानगंज में भी विसर्जन का सिलसिला जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

———————————————————————————

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों ने कड़ी निंदा की है। बाबा सिद्दीकी मूल रूप से गोपलागंज जिले के रहने वाले थे। केन्द्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने गहरा दुख जताया है। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि मुम्बई जैसे शहर में इस प्रकार की घटना कई सवाल खड़े करती है।

———बाईट———

वहीं, जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी ने भी घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

———बाईट———

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर ने आरोप लगाया है कि मुम्बई में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश में पन्द्रह अक्तूबर से बालू खनन की निगरानी ड्रोन के जरिये शुरु होगी। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि इससे अवैध खनन रोकने में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन के बारे में विभाग को जानकारी देने वाले लोगों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी और ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि खनन और भू तत्व विभाग राजस्व अर्जित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सितंबर तक पांच सौ पचहत्तर करोड़ का राजस्व मिला था, जो इस वर्ष एक हजार चौंतीस करोड़ है।

———————————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने परिवहन कम्पनी ओला को उपभोक्ताओं को अपनी पसंद के रिफंड तरीके चुनने की अनुमति देने वाली व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने शिकायत निवारण प्रक्रिया के दौरान कंपनी को उपभोक्ताओं को या तो सीधे उनके बैंक खातों में या कूपन के जरिए अपनी पसंद के

रिफंड के तरीके चुनने की प्रणाली अपनाने को कहा है। ओला को सभी ऑटो सवारी उपभोक्ताओं को बिल, रसीद या इनवॉयस देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

———————————————————————————

पटना–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आज से बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहाराव शुरू हो गया है। पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद और नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार इस अवसर पर आज सुबह बख्तियारपुर स्टेशन पर उपस्थित थे। दोनों सांसदों ने आज वंदे भारत ट्रेन को बख्तिायरपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को काफी सुविधा होगी।

———बाईट———

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ट्रेन सुबह आठ बजकर सैंतीस मिनट पर बख्तियारपुर पहुंचेगी और आठ बजकर उनचालीस मिनट पर खुलेगी। इसके अलावा, हावड़ा से पटना आने वाली ट्रेन रात नौ बजकर बत्तीस मिनट पर बजे यहां पहुंचेगी। साथ ही, मोकामा और लखीसराय स्टेशनों के ठहराव समय में भी बदलाव किया गया है।

———————————————————————————

गया और मुंबई के बीच आज से एक विशेष रेलगाड़ी गया–लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन का परिचालन शुरु हो गया है। केन्द्रीय मंत्री अन्पूर्णा देवी ने कोडरमा स्टेशन से इस ट्रेन के परिचालन की शुरुआत की।

———————————————————————————

कृषि में युवाओं की भागीदारी विषय पर तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन लालगंज प्रखंड के पंचदमिया गांव में किया गया। इसका समापन पंद्रह अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम का उद्‌घाटन कृषि मंत्री मंगल पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज़ी सोच और प्रयास है की भारत विश्व में आर्थिक दृष्टि से तीसरे नंबर पर आये। इस दिशा में प्रयास भी किय़ा जा रहा है। यह तभी संभव होगा जब हमारी आने वाली पीढ़ी विकास से जुड़े।

———————————————————————————

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से इस महीने की चौबीस तारीख को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है।

————————————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। यह परीक्षा अब चौदह दिसम्बर को होगी। पहले परीक्षा की तिथि पन्द्रह दिसम्बर निर्धारित थी।

————————————————————————————

इंडियन डेफ क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आज से पुरुषों के टी—ट्वेंटी राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप की शुरूआत हुयी। इसमें बिहार के अलावा अठारह राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने पटना के ऊर्जा स्टेडियम में किया। बधिर श्रेणी के खिलाड़ियों के लिए आज से शुरू हुयी प्रतियोगिता का समापन उन्नीस अक्टूबर को होगा। उद्घाटन के बाद खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि बिहार सरकार दिव्यांगजनों के खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, डेफ क्रिकेट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि आने वाले समय में बिहार में इस श्रेणी की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन बिहार में किया जाएगा। ऊर्जा स्टेडियम के अलावा प्रतियोगिता के अन्य मैच जगजीवन स्टेडियम, अल्फा अकादमी, दानापुर और डीएलसी क्रिकेट ग्राउंड, सदीसोपुर में खेले जायेंगे।

————————————————————————————

दरभंगा में आज डिजिटल युग में पत्रकारिता की भूमिका और चुनौतियां विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ विधायक विनय कुमार चौधरी ने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता के समक्ष कई चुनौतियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मोबाईल, इंटरनेट और अन्य तकनीकी चीजों के आ जाने से जहां समाचार संकलन में सुविधा हुयी है। वहीं, अप्रमाणिक सूचनाओं की भी भरमार हो रही है। इसे देखते हुए समाचार जगत से जुड़े लोगों को अधिक सतकर्ता बरतने की जरूरत है।

————————————————————————————

नालंदा और मधुबनी जिले में अलग–अलग घटनाओं में मोटरसाईकिलों की आमने–सामने की टक्कर में आज छह लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहिया गांव के पास सड़क हादसे में चार, जबकि मधुबनी जिले के लदनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराही अस्पताल के पास दो मोटरसाईकिलों की आमने–सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क हादसे पर गहरा दुख जताया है।

———————————————————————————

खगड़िया जिले में बेलदौर पुलिस ने लंबे अर्से से फरार चल रहे कुख्यात पचास हजार रुपये का इनामी अपराधी छबीला यादव को उसके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी सीमा चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रदेश में मॉनसून की पूरी तरह से वापसी हुयी। इस वर्ष सामान्य से बीस प्रतिशत कम औसत वर्षा दर्ज की गयी।

02. कड़ी सुरक्षा के बीच आज भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में दुर्गा प्रतिमाओं का किया जा रहा है विसर्जन।

03. पटना–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आज से बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहाराव शुरू।

04. और, बधिर श्रेणियों के खिलाड़ियों के लिए आज से टी–ट्वेंटी राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता पटना में शुरु। उन्नीस राज्यों की टीमें हो रही हैं शामिल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।